भारत सरकार **राज्य सभा**
वाणिज्य एंव उद्योग मंत्रालय **अतारांकित प्रश्न सं. 1483**
(वाणिज्य विभाग)

दिनांक 12-12-2025 को उत्तर दिए जाने के लिए

केरल में जिला निर्यात केंन्द्र

1483 **श्री संदोष कुमार पी:**

क्या **वाणिज्य और उद्योग मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) केरल में डिस्ट्रिक एक्सपोर्ट हब्स स्कीम के अंतर्गत प्रत्येक जिले से चयनित किए गए निर्यात उत्पादों की सूची क्या है;
(ख) केरल को डिस्ट्रिक एक्सपोर्ट हब्स स्कीम के अंतर्गत कुल कितनी धनराशि आवंटित की गई है;
(ग) कन्नूर जिले को डिस्ट्रिक एक्सपोर्ट हब्स स्कीम के अंतर्गत कुल कितनी धनराशि आवंटित और वितरित की गई; और
(घ) केरल में डिस्ट्रिक एक्सपोर्ट हब्स स्कीम के गौर करने योग्य मुख्य प्रभाव क्या हैं?

उत्तर

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री

(श्री जितिन प्रसाद)

(क) से (घ) निर्यात हब के रूप में जिले (डीईएच), वाणिज्य विभाग की एक पहल है जिसे निर्यात क्षमता वाले जिला-विशिष्ट उत्पादों और सेवाओं की पहचान करने और विभिन्न विभागों और एजेंसियों से सहायता के समन्वय के माध्यम से उन्हें बढ़ावा देने के लिए बनाया गया है।

डीईएच का उद्देश्य जिला स्तर पर बाधाओं को दूर करके, बाजार तक पहुंच में सुधार करके और मूल्यवर्धन को बढ़ाकर निर्यात पारिस्थितिक तंत्र को मजबूत करना है, इस पहल में कोई निश्चित बजट आवंटन या वित्तीय सहायता घटक शामिल नहीं है।

इस पहल को लागू करने के लिए, सरकार ने हितधारकों के परामर्श से सभी जिलों में संभावित उत्पादों और सेवाओं की पहचान की है, राज्य निर्यात संवर्धन समितियों (एसईपीसी)

और जिला निर्यात संवर्धन समितियों (डीईपीसी) के माध्यम से एक संस्थागत तंत्र की स्थापना की है और 590 जिलों के लिए जिला निर्यात कार्य योजनाएं (डीईएपी) तैयार की हैं, जिसमें डीईएच पहल के तहत प्रत्येक जिले की निर्यात क्षमता और प्रमुख उत्पादों की रूपरेखा तैयार करते समय आपूर्ति-श्रृंखला चुनौतियों और मध्यस्थताओं का विवरण दिया गया है।

जिला निर्यात हब पहल के तहत केरल में प्रत्येक जिले से चुने गए चिन्हित उत्पादों की सूची निम्नानुसार है:

जिला	**चिन्हित उत्पाद/सेवा**
अलप्पुज़हा	कॉयर उत्पाद
अरनाकुलम	समुद्री उत्पाद, मसाले उत्पाद, रसायन उत्पाद, इंजीनियरिंग उत्पाद
इडुक्की	मसाले उत्पाद, पर्यटन
कन्नूर	वस्त्र, हथकरघा
कासरगोड	खाद्य उत्पाद
कोल्लम	काजू उत्पाद
कोट्टायम	रबड़ उत्पाद
कोझिकोड	फुटवियर उत्पाद
मलप्पुरम	खाद्य उत्पाद
पालक्काड़	इंजीनियरिंग उत्पाद, खाद्य उत्पाद
पठानमथिट्टा	पर्यटन सेवाएं
तिरुवनन्तपुरम	चिकित्सा उपकरण
त्रिस्सूर	मशीनरी, हस्तशिल्प
वायनाड	मसले उत्पाद, चाय, काफी

*****